पंजाब केसरी
WED,07 OCTOBER 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 2

मार्च 2026 परीक्षा का बकाया शॉर्ट कैंडिडेट शुल्क 15 तक करें जमा

धर्मशाला (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित परीक्षाओं से संबंधित बकाया शॉर्ट कैंडिडेट शुल्क जमा करवाने के लिए संबंधित विद्यालयों एवं संस्थानों को अंतिम अवसर प्रदान किया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जिन विद्यालयों ने अभी तक निर्धारित शुल्क जमा नहीं करवाया है, वे 15 अक्तूबर तक इसे जमा करवाना सुनिश्चित करें।

बोर्ड ने चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में बकाया शुल्क जमा न करवाने वाले विद्यालयों को आगामी मार्च 2027 की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र के रूप में नहीं बनाया जाएगा, इसलिए सभी संस्थान समय रहते आवश्यक कार्रवाई पूरी कर लें।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि बकाया शुल्क जमा करवाने के लिए ऑनलाइन सुविधा संबंधित विद्यालयों की स्कूल लॉगिन आई.डी. पर उपलब्ध करवा दी गई है। विद्यालय अपनी लॉगिन आई.डी. के माध्यम से देय शुल्क का विवरण प्राप्त कर निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शुल्क केवल और केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा तथा किसी अन्य माध्यम से किया गया भुगतान बोर्ड द्वारा मान्य नहीं होगा। बोर्ड ने सभी संबंधित विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द भुगतान प्रक्रिया को पूरा करें।

दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

फीस न भरी, तो परीक्षा केंद्र नहीं मिलेगा

शिक्षा बोर्ड ने दिया अंतिम मौका, स्कूल प्रमुख 15 तक जमा करवाएं फीस

नगर संवाददाता — धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च, 2026 की परीक्षाओं से संबंधित लंबित शॉर्ट कैंडिडेट फीस जमा करवाने के लिए संबंधित संस्थानों और स्कूलों को अंतिम अवसर दिया है। बोर्ड सचिव अंकुश शर्मा की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, जिन संस्थानों और स्कूलों ने अब तक निर्धारित शॉर्ट कैंडिडेट फीस जमा नहीं करवाई है, वे 15 अक्तूबर तक बकाया फीस जमा करवा सकेंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि के बाद फीस जमा करवाने का अवसर नहीं दिया जाएगा। अधिसूचना के मुताबिक संबंधित स्कूलों को लंबित शॉर्ट कैंडिडेट फीस जमा करवाने के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। स्कूल अपने संबंधित स्कूल लॉगिन आईडी के माध्यम से फीस जमा करवा सकेंगे। प्रत्येक स्कूल द्वारा जमा की जाने वाली फीस की जानकारी भी उसके स्कूल लॉगिन आईडी में उपलब्ध रहेगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि फीस का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। किसी अन्य माध्यम से किया गया भुगतान बोर्ड की ओर से स्वीकार या मान्य नहीं होगा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सभी संबंधित स्कूलों और संस्थानों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित अवधि के भीतर लंबित फीस जमा करवाना सुनिश्चित करें। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि यदि संबंधित स्कूल तय समय सीमा में बकाया फीस जमा नहीं करवाते हैं, तो उन्हें मार्च 2027 की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र के रूप में बनाए नहीं रखा जाएगा। ऐसे में स्कूलों के लिए 15 अक्तूबर तक फीस जमा करवाना जरूरी होगा। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह अवसर मार्च 2026 में आयोजित परीक्षाओं से संबंधित लंबित शॉर्ट कैंडिडेट फीस को जमा करवाने के लिए दिया गया है।

Amar Ujala
Dt.07-10-2026

स्कूल 15 तक जमा करवा सकते हैं शुल्क

धर्मशाला। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च, 2026 में आयोजित परीक्षाओं से संबंधित बकाया शॉर्ट कैंडिडेट शुल्क जमा करवाने के लिए संबंधित विद्यालयों और संस्थानों को अंतिम अवसर दिया है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जिन विद्यालयों ने अभी तक निर्धारित शुल्क जमा नहीं करवाया है, वे 15 अक्तूबर 2026 तक शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें। बकाया शुल्क जमा करवाने की ऑनलाइन सुविधा संबंधित विद्यालयों की स्कूल लॉगिन आई पर उपलब्ध करवा दी गई है।

विद्यालय अपने लॉगिन के माध्यम से देय शुल्क का विवरण प्राप्त कर निर्धारित अवधि में ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। शॉर्ट कैंडिडेट का बकाया शुल्क केवल ऑनलाइन माध्यम से ही जमा किया जाएगा। किसी अन्य माध्यम से किया गया भुगतान बोर्ड की ओर से स्वीकार नहीं किया जाएगा। ब्यूरो

DAINIK JAGRAN Dt. 07-10-2026

स्कूल 15 तक जमा करवाएं शार्ट कैंडिडेट शुल्क

धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित परीक्षाओं के लिए बकाया शार्ट कैंडिडेट शुल्क जमा करवाने का अंतिम अवसर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि जिन विद्यालयों ने अभी तक शुल्क जमा नहीं किया है, वे 15 अक्टूबर तक जमा करें। बकाया शुल्क जमा करने के लिए आनलाइन सुविधा विद्यालयों की स्कूल लागिन आइडी पर उपलब्ध है। विद्यालय अपने लागिन के माध्यम से देय शुल्क का विवरण प्राप्त कर निर्धारित अवधि में आनलाइन भुगतान कर सकते हैं। शुल्क केवल आनलाइन माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। (जासंकें)

The Sunny Times

HIMACHAL BOARD ISSUES FINAL ULTIMATUM TO SCHOOLS OVER UNPAID EXAMINATION DUES

The Sunny Times | Dharamshala |



The Himachal Pradesh Board of School Education is putting defaulting schools on notice: settle pending "short candidate" fees by October 15, 2026, or face immediate blacklisting as exam centers.

Board Chairman Dr. Rajesh Sharma issued a blunt ultimatum regarding dues lingering from the March 2026 examinations. Defaulting schools that fail to clear their arrears before the deadline will be stripped of their eligibility to host examination centers for the upcoming March 2027 boards.

The payment channel is strictly digital. Institutions must log into their designated School Login IDs, verify their outstanding dues, and process the settlement directly through the board's online portal. Offline submissions, paper checks, or manual transactions will be rejected outright without review.

Urging school heads to skip the eleventh-hour scramble, Dr. Sharma warned that the October 15 cutoff is final and non-negotiable. For school administrators hoping to retain their official exam center status next year, immediate compliance is now their only lifeline.

Schools failing to deposit fees will not be designated as examination centers for the March 2027 exams: Dr. Rajesh Sharma



SANJAY AGGARWAL

DHARAMSHALA OCT 6 : The Himachal Pradesh Board of School Education has provided a final opportunity for concerned schools and institutions to deposit outstanding 'short candidate' fees related to the examinations held in March 2026. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma stated that schools which have not yet deposited the prescribed fees must ensure payment by October 15, 2026. Dr. Sharma mentioned that an online facility for depositing the outstanding fees has been made available via the schools' respective login IDs. Schools can view the details of the payable fees through their logins and make the payment online within the stipulated timeframe. He clarified that fees must be deposited solely through online modes; payments made via any other method will not be accepted by the Board. The Chairman instructed all concerned schools to complete the fee deposit process within the prescribed period without waiting for the deadline. He emphasized that schools failing to deposit the outstanding fees within the stipulated time will not be designated as examination centers for the March 2027 examinations. Therefore, all concerned schools are advised to take the necessary action in a timely manner.

शॉर्ट कैंडिडेट (Short Candidate) शुल्क जमा करवाने के लिए 15 अक्टूबर तक अंतिम अवसर

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित परीक्षाओं से संबंधित बकाया शॉर्ट कैंडिडेट शुल्क जमा करवाने के लिए संबंधित विद्यालयों एवं संस्थानों को अंतिम अवसर प्रदान किया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जिन विद्यालयों ने अभी तक निर्धारित शुल्क जमा नहीं करवाया है, वे 15 अक्टूबर, 2026 तक इसे जमा करवाना सुनिश्चित करें।

डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि बकाया शुल्क जमा करवाने के लिए ऑनलाइन सुविधा संबंधित विद्यालयों की School Login ID पर उपलब्ध करवाई गई है। विद्यालय अपने लॉगिन के माध्यम से देय शुल्क का विवरण प्राप्त कर निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शुल्क केवल ऑनलाइन माध्यम से ही जमा किया जाएगा तथा किसी अन्य माध्यम से किया गया भुगतान बोर्ड द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

निर्धारित अवधि में शुल्क जमा न करवाने वाले विद्यालय मार्च 2027 की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र के रूप में नहीं रखे जाएंगे: डॉ. राजेश शर्मा

बोर्ड अध्यक्ष ने सभी संबंधित विद्यालयों को निर्देश दिए कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना निर्धारित समयावधि में शुल्क जमा करवाने की प्रक्रिया पूरी कर लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में बकाया शुल्क जमा न करवाने वाले विद्यालयों को मार्च 2027 की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र के रूप में बनाए नहीं रखा जाएगा। इसलिए सभी संबंधित विद्यालय समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

The Tribune Dt. 07-10-2026

HPBOSE steps up exam surveillance

NARESH THAKUR
TRIBUNE NEWS SERVICE

'Exam Mitra' app to record key activities from opening of question papers to dispatch of answer books

DHARAMSALA, OCTOBER 6
The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has strengthened digital monitoring of examinations through the 'Exam Mitra' app to ensure transparency and fairness.

Chairman Dr Rajesh Sharma said real-time reporting of key activities at centres was now integral to the system, with no compromise on credibility. Real-time video recording of the opening of question paper packets is mandatory through the app, which also captures the start and end of examinations, attendance of superintendents and students, unfair means cases (UMCs) and flying squad inspection reports.

Monitoring continues after the examination, with packing of answer-book packets recorded on video and their delivery to designated dropping centres reported digitally. The surveillance mechanism is multi-layered, combining the app, CCTV and flying squads. Centre in-charges and other personnel have been directed to upload all mandatory reports and videos accurately and on time.

The board has also moved the "Forwarding Memo of Answer Books" online. Centres must enter details such as the envelope hologram number, centre name and code, subject, session, date, candidates present and total answer books, along with roll numbers, absentees and answer books sent separately in UMC cases.

Dr Sharma directed centres to cross-check every entry in the "Secrecy Memo" with answer books and records before submission, as no changes will be possible afterwards. A printout must be enclosed with the packet. Guidelines are available under the "School Login" section of the board's website.